ा मौजूद रहे। उनको भी स्थान मिलना चाहिए और

उद्यमिता विकास पर वि.वि. ने राजभवन में किया एमओयू साइन

कानपुर । सीएसजीएम ने कौशल ज्ञान, नवाचार और उद्यमिता विकास के लिए भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, गांधीनगर के साथ एम.ओ.यू साइनिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल , वि.वि. कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक और ई.डी.आई.आई डॉ. सुनील शुक्ला की उपस्थिति में राजभवन लखनऊ में एम.ओ.यू साइन किया गया। प्रस्तावित एफडीपी, छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में विशेष रुप से परिसर और विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कॉलेजों के शिक्षकों, प्रशिक्षकों के लिए आयोजित करने के लिए डिजाइन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को उनके संस्थानों में उद्यमिता विकास के लिए अनुकूल परिस्थितिकी यंत्र के निर्माण के लिए एक उपरिकेंद्र बनने के लिए प्रेरित करना। साथ ही संस्थान स्तर पर पढ़ाये जाने वाले उधमिता पर पाठ्यक्रमों पर चर्चा और स्पष्ट रूप से डिजाइन करना तथा उन्हें संरचित शैक्षणिक उपकरण प्रदान करना जो उद्यमिता प्रशिक्षण और शिक्षा में प्रभाव पैदा कर रहे हैं। इसके साथ-साथ बिज़नेस सिमुलेशन प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग को समझने में प्रतिभागियों की मदद करना, जिसका इस्तेमाल एंटरप्रेन्योरशिप कोर्स के संचालन के लिए किया जा सकता है।